भारत के राष्ट्रपतियों की सूची उनके नाम, कार्यकाल और महत्वपूर्ण तथ्यों सहित (1950 से 2018 तक)

भारत के राष्ट्रपति:

भारत के वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद है। देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जेएस खेहर ने 25 जुलाई 2017 को रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। रामनाथ कोविंद भारत के 14वें राष्ट्रपति है। पूर्व में रामनाथ कोविंद बिहार के राज्यपाल थे।

भारत के राष्ट्रपति को देश के प्रथम नागरिक एवं देश के मुखिया के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रपति के पास भारतीय सशस्त्र सेना की भी सर्वोच्च कमान है। भारत के प्रथम नागरिक को हिन्दी में राष्ट्रपति और संस्कृत में राज्य का भगवान कहते है।

भारत की स्वतंत्रता से अब तक, 14 राष्ट्रपति चुनाव हुए जिसमें 13 व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति चुने गये और छोटे अंतराल के लिये तीन कार्यकारी राष्ट्रपति हुए। संसद और राज्य के विधानमंडल के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा देश के राष्ट्रपति का चुनाव किया जाता है। भारतीय संविधान के भाग 5 के अनुच्छेद 56 के द्वारा भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल पाँच साल का होता है। राष्ट्रपति के बर्खास्तगी और अनुपस्थिति में ही उपराष्ट्रपति कार्यभार सँभालता है। भाग 5 के अनुच्छेद 70 द्वारा संसद को राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन करने का अधिकार है।

राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिये किसी भी उम्मीदवार की उम्र 35 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये, लोकसभा सदस्य होने की पात्रता रखता हो, संसद अथवा राज्य सदन का सदस्य न हो, कोई लाभ का पद धारण न करता हो, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री तथा किसी राज्य के मंत्री अपने पद से इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति चुनाव के लिये खड़े हो सकते है। नीचे आजादी के बाद से अब तक भारत के सभी राष्ट्रपतियों की सूची उनके महत्वपूर्ण विवरण के साथ दी गयी है।

वर्ष 1950 से 2018 तक भारत के राष्ट्रपतियों की सूची:

नाम	कार्यकाल	रोचक तथ्य
डा. राजेन्द्र प्रसाद	26 जनवरी 1950 से 13 मई 1962 तक	संविधान सभा के अध्यक्ष
डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन	13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक	उप-राष्ट्रपति
डा. जाकिर हुसैन	13 मई 1967 से 03 मई 1969 तक	कार्यकाल में मृत्यु
वी.वी. गिरि (कार्यवाहक)	3 मई 1969 से 20 जुलाई 1969 तक	उप-राष्ट्रपति
मोहम्मद हिदायतउल्ला (कार्यवाहक)	20 जुलाई 1969 से 24 अगस्त 1969 तक	मुख्य न्यायाधीश
वी.वी. गिरी	24 अगस्त 1969 से 24 अगस्त 1974 तक	स्वतन्त्र उम्मीदवार के रूप में जीते
फखरुद्दीन अली अहमद	24 अगस्त 1974 से 11 फरवरी 1977 तक	केन्द्रीय मंत्री (कार्यकाल में मृत्यु)
बीडी जत्ती (कार्यवाहक)	11 फरवरी 1977 से 25 जुलाई 1977 तक	उप-राष्ट्रपति
नीलम संजीव रेड्डी	25 जुलाई 1977 से 25 जुलाई 1982 तक	निर्विरोध निर्वाचित, 1929 में पराजित
एम. हिदायतुल्ला (कार्यवाहक)	02 अक्टूबर 1982 से 31 अक्टूबर 1982 तक	उप-राष्ट्रपति
ज्ञानी जैल सिंह	25 जुलाई 1982 से 25 जुलाई 1987 तक	प्रथम सिख राष्ट्रपति
रामास्वामी वेंकटरामन	25 जुलाई 1987 से 25 जुलाई 1992 तक	उप-राष्ट्रपति
शंकरदयाल शर्मा	25 जुलाई 1992 से 25 जुलाई 1997 तक	उप-राष्ट्रपति (4 प्रधानमंत्रियों के साथ काम)
डा. के. आर.नारायणन	25 जुलाई 1997 से 25 जुलाई 2002 तक	प्रथम दलित

डा. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम	25 जुलाई 2002 से 25 जुलाई 2007 तक	वैज्ञानिक, मिसाइल कार्यक्रम के प्रणेता
श्रीमती प्रतिभा पाटिल	25 जुलाई 2007 से 25 जुलाई 2012 तक	प्रथम महिला राष्ट्रपति
प्रणब मुख़र्जी	25 जुलाई 2012 से 25 जुलाई 2017 तक	वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री
रामनाथ कोविंद	25 जुलाई 2017 से अब तक	बिहार के राज्यपाल

भारत के राष्ट्रपति से सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- राष्ट्रपति चुनाव में पहली महिला उम्मीदवार मनोहर होल्कर थी जिन्होंने 1967 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था।
- ज्ञानी जैल सिंह सबसे कम आयु के राष्ट्रपति थे, राष्ट्रपति बनने के समय उनकी उम्र 64 वर्ष थी।
- राष्ट्रपति के रुप में सबसे छोटा कार्यकाल डाँ जाकिर हुसैन का था, वे लगभग 2 वर्ष तक राष्ट्रपति रहे।
- डाँ राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, वी. वी गिरि, आर वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा एवं के. आर नारायणन उपराष्ट्रपति से राष्ट्रपति बने थे।
- राष्ट्रपति भवन जो कि स्वतंत्रता के पहले वायसराय भवन था उसके वास्तुकार लुटियंस थे।